ट्रैक सर्किट संबंधी सुझाव

271. **श्री अनन्तराव देवशंकर दवे:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मुख्य रेल, संरक्षा आयुक्त ने कुछ स्थानों में ट्रैक सर्किट करने का सुझाव दिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या इन सुझावों को लागू किया गया है;

(ग) यदि हां, तो इन सुझावों की मुख्य विशेषताएं क्या हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) जी हां, रेल संरक्षा आयोग ने स्टेशनों के रेलपथ परिपथन की सिफारिश की है।

(ख) से (घ) रेलपथ परिपथन से संबंधित आयोग की सिफारिश पर अमल करने के के लिए रेलों द्वारा निम्नलिखित कार्रवाई की गई है:—

1. रन थ्रू लाइनों पर उल्लंघन चिह्न से उल्लंघन चिह्न तक रेलपथ परिपथन

31.3.96 तक रेलों ने 3158 स्टेशनों पर रेलपथ परिपथन का कार्य पूरा कर लिया है।

2. उल्लंघन चिह्न से ब्लाक खंड सीमा तक रेलपथ परिपथन

31.3.96 तक 1591 स्टेशनों पर उल्लंघन चिह्न से ब्लाक खंड सीमा तक रेलपथ परिपथन की व्यवस्था कर दी गई थी।

केन्द्रीय विद्यालयों में अनुकम्पा के आधार पर प्रवेश

272. **श्री राघवजी:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने केन्द्रीय विद्यालयों में विशेष अनुकम्पा के आधार पर प्रवेस की व्यवस्था को समाप्त करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त निर्णय कब और किस स्तर पर लिया गया था; और

(ग) ऐसा निर्णय लिए जाने की क्या आवश्यकता थी?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुद्दी राम सैकिया): (क) से (ग) माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर किए जाने पर, न्यायालय ने यह निर्देश दिया है कि जब तक इस मामले को अन्तिम रूप से निपटा नहीं लिया जाता तब तक दाखिलों में कोई विशेष छूट नहीं दी जाएगी।

Expenditure on Modernisation of Railway Stations

273. PROF. RAM KAPSE: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the expenditure incurred alongwith the allocations made in the budget for the year 1996-97 for modernisation of the railway stations at (i) Kalyan (ii) Dombivali and (iii) Thane on the Central Railway of Bombay suburban line;

(b) the amount spent as on 30th September, 1996 in respect of each of these works at the said stations;

(c) whether the works on these stations have progressed as scheduled;

(d) if not, the reasons therefor; and

(e) the action taken against the officials responsible for the delay?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ):

(a) *Station*	*Allocation (Rs. in lakh)*
Kalyan	150.00
Dombivali	10.00
Thane	180.00

(b) All these works were approved during 1996-97 and expenditure booking can commence only after finalisation of all requisite formalities.

(c) Yes, Sir.

(d) and (e) Do not arise.

Norms for Determining Posts of PGT (Commerce) in Kendriya Vidyalayas

274. SHRI PARAG CHALIHA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) the details of Kendriya Vidyalayas where commerce stream is in existence as